# प्रसार भारती
# भारतीय प्रसारण निगम
# आकाशवाणी केन्द्र शिमला
## 10.12.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने चुनावी वायदों से आगे बढ़कर काम किया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार ने छह गारंटियां पूरी कर ली हैं और शेष गारंटियों को जल्द पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते तीन साल के कार्यकाल में राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को दो हजार 27 में आत्मनिर्भर और 2 हजार 32 तक देश का समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर कुछ कड़े फैसले लिए गए हैं जिनके भविष्य में सकारात्मक परिणाम आएंगे।

**जन संकल्प सम्मेलन**

प्रदेश सरकार द्वारा मंडी के पड्डल मैदान में कल आयोजित होने वाले जन संकल्प सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर है। मंडी में इस सम्मेलन की तैयारियों का जायज़ा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि ये सम्मेलन प्रदेश की नीतियों, उपलब्धियों और विकास की दिशा को जनता के सामने प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। हमारे मंडी जिला संवाददाता ने बताया कि जन संकल्प रैली को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है।

**मंडी में कांग्रेस की "जन संकल्प रैली" को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर 11 दिसंबर को मंडी के पड्डल मैदान में विशाल जनसभा आयोजित की जा रही है। इस रैली में प्रदेशभर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में आम लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री सहित सरकार के सभी मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता मंच साझा करेंगे। नव नियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने भी मंडी पहुंचकर पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और रैली को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आपदा के कठिन समय में सरकार की तत्परता और राहत कार्यों को जनता के सामने रखा जाएगा, खासकर मंडी जैसे सबसे अधिक प्रभावित जिलों में सरकार के काम को प्रमुखता से बताया जाएगा।**

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार जमीनी हकीकत को नज़रअदाज करते हुए मंडी में आयोजित किए जाने वाले जश्न पर करोड़ों रूपए खर्च कर रही है। मंडी से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि आपदा के पांच महीने बीत जाने के बाद भी सराज क्षेत्र की 15 पंचायतों के लोगों को आज भी पीठ पर सामान लादकर दुर्गम गांवों तक पहुंचना पड़ रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री को मंडी रैली में अपनी उन गारंटियों पर भी जनता के बीच अपनी बात रखनी चाहिए जिनके सहारे कांग्रेस ने सत्ता हासिल की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आपदा को लेकर गंभीर नहीं है।

**लोकभवन**

हिमाचल प्रदेश का राजभवन अब लोकभवन के नाम से जाना जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा इस संबंध में जारी अधिसूचना के अनुसार अब सभी आधिकारिक पत्राचारा, दस्तावेज, भवन संकेतक, वैबसाईट और अन्य रिकॉर्ड में राजभवन की जगह लोकभवन नाम का प्रयोग किया जाएगा।

**यूनियन मांग**

हिमाचल पथ परिवहन निगम चालक–परिचालक यूनियन ने प्रदेश सरकार से वेतन व लंबित वित्तीय लाभ जल्द जारी करने की मांग की है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में यूनियन के अध्यक्ष मानसिंह ठाकुर ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को नहीं माना तो 24 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

**एचआरटीसी में हमें हर महीने नारे लगाकर या सड़कों पर उतरकर सैलरी मांगनी पड़ती है। इस महीने भी अभी तक सैलरी नहीं आई, पेंशन की तो बात छोड़ो। बड़े दुख के साथ कहना चाहूंगा कि इन्होंने ये प्रथा बना ली कि जब–जब बात आती है सैलरी की या पेंशन की तो एचआरटीसी घाटे में है। मैं सरकार और प्रबंधन को चेता देना चाहता हूं कि एचआरटीसी का टोटल कर्मचारी दिन–रात मेहनत कर रहा है। हमें तो अपना मेहनताना चाहिए और इन्होंने हमें भिखारी बना दिया है।**

**एपीएमसी**

एपीएमसी के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने कहा है कि चंबा ज़िला के तीसा, भटियात और पांगी में किसानों के लिए जल्द यार्ड बनवाए जाएंगे। चंबा में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि चंबा ज़िला में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए एपीएमसी कार्य कर रही है और हर क्षेत्र में यार्ड बनाए जाएंगे ताकि किसानों को सुविधा हो सके।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अन्य भागों में शुष्क ठंड का दौर बदस्तुर जारी है। लाहौल स्पीति जिले की उंची चोटियों पर हुई हल्की बर्फबारी और प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में छा रहे घने कोहरे ने ठंड में और इज़ाफा किया है। इस बीच मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 12 दिसंबर को राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व बारिश होने का अनुमान लगाया है।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है दोपहर तीन बजे। नमस्कार।